# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

**तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016**

**दिनांक 22.03.2025**

# परिपत्र

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम 1985 के तहत स्थापित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एक स्वायत्त निकाय है जिसके द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर निदेशक की नियुक्ति की जा रही है।

2. पद के लिए आवश्यक योग्यता और पात्रता मानदंड नीचे दिया गया है:-

| पदनाम | पदों की संख्या और वेतन स्तर | पात्रता मापदंड |
|---|---|---|
| निदेशक | 1<br>(वेतन स्तर — 13)<br>(123100-215900 रु.) | केंद्र सरकार के संगठित समुह 'क' सेवाओं के अधिकारी समान पद पर नियमित सेवा या वेतन स्तर 12 पर पांच वर्ष की नियमित सेवा;<br><br>महाप्रबंधक/सचिव के पद पर एपीडा में पांच वर्ष की नियमित सेवा। |

नोट:

(1) फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के विचारार्थ योग्य नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के विचारार्थ योग्य नहीं होंगे।

(2) फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में, पद/रिक्ति को प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

(3) प्रतिनियुक्ति की आरंभिक अवधि तीन वर्ष होगी जिसे प्रतिवर्ष आधार पर बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की अधिकतम लगातार अवधि पांच वर्ष होगी। केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/सांविधिक/स्वायत्त निकाय (निकायों) के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि सामान्य तौर पर पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।.

(4) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

केन्द्र सरकार की संगठित समूह 'ए' सेवाओं की सूची के लिए , डीओपीटी द्वारा जारी दिनांक 3 अप्रैल 2017 के कार्यालय ज्ञापन सं. I-11019/5/2017 – सीआरडी का संदर्भ लिया जा सकता है।

3. अनुलग्नक के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन विधिवत भरा हुआ और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एपीडा, तृतीय तल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016 को उचित माध्यम से भेजा जाए।

4. आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय, पिछले पांच वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट ( सीआर/एपीएआर की फोटोकॉपी, प्रत्येक पृष्ठ सहायक निदेशक/अवर सचिव के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित), कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और इंटिग्रिटी सर्टिफिकेट और पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए प्रमुख या छोटे अर्थदंड, यदि कोई हों, को दर्शाने वाला विवरण, प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाए।

5. चयनित अधिकारियों के पास अपना वेतन + प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता लेने या समय-समय पर संशोधित डीओपीटी के दिनांक 29.04.1988 के कार्यालय ज्ञापन सं. 2/12/87- Estt. (वेतन II) के अनुसार पद के स्केल/स्तर में अपना वेतन निर्धारित करने का विकल्प होगा।

6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन होने की स्थिति में , उम्मीदवार को बाद में किसी भी आधार पर अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**<u>अनुलग्नक</u>**

**<u>एपीडा में निदेशक के पद हेतु प्रतिनियुक्ति पर आवेदन प्रपत्र</u>**

**<u>जिस पद के लिए आवेदन किया जाएगा</u>: निदेशक**

| | |
|---|---|
| 1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. पत्राचार के लिए आवासीय पता, यदि कोई हो | |
| 3. ई-मेल पता | |
| 4. मोबाइल नं. | |
| 5. जन्म तिथि (ईसवी सन् में) | |
| 6. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 7. (i) कृपया बताएं कि आप किस संगठित समूह 'ए' सेवा से संबंधित हैं (डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन सं. I-11019/5/2017 – सीआरडी दिनांक 3 अप्रैल 2017 के अनुसार) | |
| 8. नियमित आधार पर वर्तमान पद और इसका वेतन स्तर | |
| 9. शैक्षिक योग्यता और अनुभव | |

**10.** रोजगार विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में, यदि स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन स्तर | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तृत से) आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव को उजागर करते हुए |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत दिए गए वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिगत हैं, इसलिए उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल **नियमित आधार** पर धारित पद के

वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए। वर्तमान वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण, जहाँ इस तरह के लाभ उम्मीदवार द्वारा लिए गए हैं, निम्नवत दिया जा सकता है;

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित वेतन स्तर | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

<table>
<tr><td>11. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="4">12. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं-</td></tr>
<tr><td>क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि</td><td>ख)प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि</td><td>ग) उसका मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है।</td><td>घ) मूल संगठन में स्थायी क्षमता में धारित पद का नाम और वेतन</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4">नोट 1: पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के मामले में , अधिकारियों के आवेदन पत्र मूल संवर्ग/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और इंटिग्रिटी सर्टिफिकेट के साथ भेजे जाने चाहिए।<br>नोट2: उपरोक्त कॉलम 12 ( ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, परंतु अभी भी अपने मूल कैडर/संगठन में उसका धारणाधिकार है।</td></tr>
<tr><td colspan="3">13. यदि आवेदक द्वारा अतीत में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण।</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">14. पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में प्रासंगिक अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो।<br>इसमें अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) कार्य अनुभव (रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से अधिक) के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।<br>(टिप्पणी: एक अलग शीट संलग्न करें, यदि स्थान अपर्याप्त है)</td><td></td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| 15. **उपलब्धियां**:<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान करें;<br>(i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएँ<br>(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसायटियों से संबद्धता और;<br>(iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>(v) आधिकारिक मान्यता से संबंधित कोई शोध/अभिनव उपाय<br>(vi) कोई अन्य जानकारी।<br><br>**(टिप्पणी: एक अलग शीट संलग्न करें, यदि स्थान अपर्याप्त है)** | |
| 16. क्या वह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित है? | |
| 17. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे भली भांति मालूम है कि मेरे द्वारा जीवन-वृत्त में दी गई सूचना आवश्यक योग्यता / कार्य अनुभव के समर्थन प्रस्तुत दस्तावेजों का भी चयन समिति द्वारा चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरे ज्ञान के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी भौतिक तथ्य को दबाया/रोक नहीं लिया गया है।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

दिनांक

## नियोक्ता / कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी / विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है। वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हैं, यदि हो जाता है उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. **यह भी प्रमाणित है कि;**

i) श्री/श्रीमती ________________________ के खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) उनका मूल रूप से सीआर डोजियर / पिछले 5 वर्षों के लिए एसीआर की फोटकॉपी संलग्न है जिन्हें सरकार के अवर सचिव अथवा उनसे उच्च रैंक के एक अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित किया गया है।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है **या** पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर लगाए गए छोटी/बड़ी शास्ति की सूची संलग्न है (जैसा मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षरित

________________________________

(नियोक्ता/सील के साथ कैडर नियंत्रण प्राधिकरण)

*किसी भी भ्रांति की स्थिति में अंग्रेजी को वरीयता दी जाएगी।